## स्पीड न्यूज

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन



**गुमला।** भाजपा गुमला ने गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122वीं जयंती पालकोट रोड स्थित भाजपा कार्यालय में मनायी गयी। कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ मुखर्जी को प्रखर राष्ट्रवादी नेता बताया। जिनका नाम भारतीय राजनीति में अमर है। डॉ मुखर्जी पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। मौके पर जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल, पिछड़ी जाति मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा, नगर अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह, कौशलेंद्र जमुआर, संदीप प्रसाद, शंभू सिंह आदि भी उपस्थित थे।

### कुआं में डूबने से विक्षिप्त महिला की मौत



**डुमरी।** थाना क्षेत्र के जैरागी तुरी बस्ती की ढुमरी देवी (60) की कुआं में डूबने से मौत हो गयी। गुरुवार की सुबह खेत की ओर गये ग्रामीणों ने कुआं में शव को तैरते हुए देखा। जानकारी मिलते ही पंचायत की मुखिया घटनास्थल पहुंची और जानकारी लेते हुए सूचना डुमरी थाना को दी। सूचना पर डुमरी पुलिस ने घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुए पुलिस ने मृतका के पति धूपन महतो के बयान पर यूडी केश दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। एसआई पवन तिर्की ने बताया कि मृतका के पति के अनुसार मृतका ढुमरी की मानसिक स्थिति सालभर से ठीक नहीं थी। वह रोजाना इधर उधर घूमते रहती थी।

### पुराने सरकारी भवन की श्रमदान कर सफाई



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के जुरिया पंचायत के बड़का टोली स्थित सरकारी भवन वर्षों से उपेक्षित था, जिससे पूरे भवन आंगन एवं कमरों में गंदगी का ढेर लगा था। भवन का खस्ताहाल देख सामाजिक संगठन केंद्रीय कमेटी जुरिया ने इस भवन को सुरक्षित रखने एवं उपयोग में लाने के लिए पहल की। शरारती तत्व भवन की खिड़की दरवाजे उखाड़ कर असामाजिक कार्यों का अड्डा बना दिया है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी थी। मौके पर केंद्रीय कमेटी के अध्यक्ष विजय भगत, सचिव बुधराम भगत, सदस्य जय प्रकाश उरांव, प्रभु तिर्की, बुदु उरांव, सुरेंद्र उरांव, राजेंद्र उरांव, पहान पिंजा उरांव, राजेश लोहरा थे।

### निर्धारित समय के बाद भी सड़क अधूरा



**भंडरा।** सरकार द्वारा योजना स्वीकृत होने के बाद भी विभागीय लापरवाही एवं ठेकेदार की लापरवाही से योजना का उपयोग ग्रामीण नहीं कर पाते हैं। जिससे ग्रामीणों को रोजाना समस्या हो रही है। ठेकेदार और विभाग की लापरवाही से योजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब से ग्रामीण परेशान हैं। भंडरा प्रखंड क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण सड़क भंडरा से कैरो प्रखंड को जोड़ने वाला भंडरा अकाशी कैरो पथ की लंबाई 12.6 किमी सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से 20 जुलाई 2022 को शुरू की गयी थी। कार्य पूर्ण तिथि 19 जुलाई 2023 निर्धारित थी।

### उग्रवादी हिंसा के तीन मामलों पर चर्चा



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्थापना समिति सह सह जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में डीडीसी की स्क्रीनिंग समिति में लिये गये निर्णयों के आधार पर प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा हुई। सामान्य अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु तीन मामलों पर निर्णय लिया गया। जिसमें से स्व खेमराज तूरी के आश्रित पुत्र कुशल तूरी के अनुकंपा के आधार नियुक्ति करने हेतु अनुशंसा की गयी। वहीं स्व भुवनेश्वर दयाल की आश्रिता पत्नी का भी अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु समिति ने स्वीकृति दी। बैठक में एसडीओ सदर, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, डीसी एलआर, कोषागार पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला स्थापना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी भी थे।

### हितैषी भाजपा का चेहरा सबके सामने



**गुमला।** मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक पर भाजपा नेता के कुकृत को लेकर गुरुवार को जिला झामुमो ने स्थानीय टावर चौक पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला फूंका। मौके पर विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक के साथ भाजपा नेता के अमानवीय कार्य से मानवता शर्मसार है। विधायक ने कहा कि भाजपा नेताओं के सता का घमंड सामने आ रहा है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग करने वाली भाजपा लोगों का सम्मान करना भूल गयी है। अपने को आदिवासियों का हितैषी बताने वाली भाजपा का चेहरा सबके सामने आ गया है। मौके पर नप उपाध्यक्ष मो कलीम अख्तर, सदर रंजीत सिंह, मो आशिक अंसारी, नुरूल होदा, संजय सिंह, कृष्णा लोहरा, बीरू बड़ाईक, कृष्णा उरांव, प्रभात बाखला, रोशन किंडो, मोरिस बेक, बाबू खान, फैजी अशरफ, अकाश कुजूर, अमृत सोरेंग, मनोज खलखो थे।

### संरक्षण मुद्दे पर सी-20 चौपाल आयोजित



**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के केराडीह में सिनी संस्था के द्वारा प्रारंभिक बाल देख रेख एवं संरक्षण के मुद्दे पर सी-20 चौपाल किया गया। इसमें सिनी संस्था के पंचायत फैस्लीटेटर खुर्शीद आलम ने ग्रामीणों को सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। वहीं बाल देखरेख एवं संरक्षण के मुद्दों पर आंगनबाडी में मिलने वाली गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं व शिशुओं को मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराते हुए अंगनबाडी में निबंधन, हजार दिवस लाभ, टीकाकरण, पूरक पोषाहार, वृद्धि चार्ट निगरानी, शाला पूर्व शिक्षा, मात्रित्व लाभ, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा, रेफरल सुविधा व संस्थागत प्रसव के बारे विस्तार पूर्वक बताया व जागरुक किया। साथ ही पालना योजना की जानकारी दी गयी।

# लोहरदगा : मॉनसून की बेरूखी से आम जन परेशान

## जून में जिले का सामान्य वर्षापात के तुलना में 24.9 मिलीमीटर कम बारिश

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में मानसून के बेरुखी से किसान हैरान परेशान हैं। चूंकि जिले की अधिकांश आबादी खेती किसानी से जुड़ी है। इनमें से धान की खेती मुख्य तौर पर की जाती है। जिले में कृषि विभाग के आंकड़े के अनुसार 47 हजार हेक्टेयर पर किसान धान की खेती करते हैं। जिले के ज्यादातर किसान मॉनसून के सहारे खेती कर पाते हैं। मौसम साथ दिया तो किसान बेहतर उत्पादन कर पाये नहीं तो सुखाड़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के शिकार होते हैं।

वहीं साधन संपन्न किसान बारिश नहीं होने की स्थिति में भी जीनियस मशीन के माध्यम से सिंचाई कर धान की खेती किसी तरह कर लेते हैं। वहीं पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेती प्रभावित होती है। इस वर्ष जून में जिले का सामान्य वर्षापात 137.3 के विरुद्ध 112.4 मिली मीटर रही है। यानी सामान्य औसतन वर्षापात से 24.9 मिलीमीटर कम बारिश हुई। वहीं जुलाई में प्रारंभ होते ही मौसम के रुख में बदलाव हुआ है और 5 जुलाई तक जिले में महज 25.9 मिली मीटर वर्षा हुई। जबकि जुलाई में जिले में सबसे ज्यादा रोपाई होती है। हालांकि इधर पिछले एक पखवाड़े से बीच-बीच में हुई हल्की फुल्की बारिश के बाद जिले के किसानों पूरी तरह से धनखेती के कार्यों में जुटे हुए हैं।

▫ कम बारिश होने से जिले भर के किसान हैरान-परेशान



### जिले में प्रखंडवार वर्षापात

जिले में प्रखंडवार जून माह में हुई वषार्पात को देखे तो सबसे अधिक सेन्हा प्रखंड में 203.8 तथा सबसे कम कैरो प्रखंड में 52.0 मिली मीटर वर्षा हुई। इसी तरह लोहरदगा प्रखंड में 83.3, भंडरा प्रखंड में 113.2, कुडू प्रखंड में 105.2, किस्को प्रखंड में 84.8 एवं पेशरार प्रखंड में 144.3 मिली मीटर बारिश हुई। जबकि जुलाई में अब तक लोहरदगा प्रखंड में 7.2 सेन्हा प्रखंड में 45.6, कुडू प्रखंड में 12.2, भंडरा प्रखंड में 43.4 किस्को प्रखंड मे 6.0, कैरो प्रखंड में 41.0 व पेशरार प्रखंड में 25.8 मिली मीटर बारिश रिकॉर्ड को गयी है।

### 5052 किसानों को अनुदानित दर पर दिया गया बीज : कुलदीप ओहदार

जिला सहायक कृषि पदाधिकारी कुलदीप ओहदार ने बताया कि जिले में इस वर्ष 47 हजार हेक्टेयर में धान उत्पादन का लक्ष्य है। वही मक्का अरहर मडवा मूंगफली जैसे खरीफ फसल का आच्छादन 80875 हेक्टेयर निर्धारित किया गया हैं। जिला सहायक कृषि पदाधिकारी ने बताया कि 2023-24 में बिरसा फसल विस्तार एवं बीज भी नियम एवं वितरण कार्यक्रम के तहत 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर किसानों को आईआर 64, डीआरआरएच 2, पीएन पीएच 2, सामान्य व हाईब्रिड धान बीज का वितरण किया गया हैं। बताया कि आईआर 64 धान 19.50 रुपये, डीआरआरएच 2 धान 101.50, पीएन पीएच 2 धान बीज 172.50 रुपये प्रति किलो की दर से किसानों को उपलब्ध कराया गया है। वहीं मक्का 104.50, अरहर 63 रुपये प्रति किलो तथा मडुआ व मूंगफली प्रति किसान करणसर 4 केजी हुआ 20 केजी शत प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया गया। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि मक्का 76.20 हेक्टेयर, मोटे अनाज 1815 हेक्टेयर, मडुआ 1700 हेक्टेयर, दलहन 20400 हेक्टेयर एवं तेलहन 4000 हेक्टेयर पर उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी उनका विकास के लिए विभाग प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि लोहरदगा जिला को उपलब्ध 2930 क्विंटल धान व खरीफ बीज मे से 775.81 क्विंटल बिक्री किया जा चुका है शेष खरीद बीज का वितरण चार पांच दिनों के अंतराल में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक 5052 किसानों के बीच बीज उपलब्ध कराया गया है।

## तंगी : मलेशिया जाने के लिए नहीं जुटा पा रही ₹66,000

# देश को गोल्ड दिलानेवाली असुंता उपायुक्त से लगायी मदद की गुहार

■ उपायुक्त ने मलेशिया जाने के लिए पूर्ण सहायता का दिया आश्वासन

■ नेपाल में आयोजित पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारत को दिलाया है गोल्ड मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** नेपाल में आयोजित पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारत को गोल्ड मेडल दिलाने वाली दिव्यांग खिलाड़ी असुंता टोप्पो मलेशिया जाने के लिए गुरुवार को उपायुक्त सुशांत गौरव से मदद की गुहार लगायी। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण 27 से 31 जुलाई तक मलेशिया में होने वाले पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में सेलेक्शन के बाद भी असुंता जाने में असमर्थ है। असुंता ने बताया कि उसका सेलेक्शन मलेशिया में हो रहे पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता खेलने के लिए हुआ है मगर मलेशिया खेलने जाने को रजिस्ट्रेशन कराने में 66 हजार का खर्च आ रहा है। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर होने के कारण वह 66 हजार रजिस्ट्रेशन के लिए देने में असमर्थ है।



उपायुक्त सुशांत गौरव को ज्ञापन सौंपती असुंता टोप्पो।

■ असुंता बताती है कि रजिस्ट्रेशन चार्ज देखने के बाद उसने अपनी खेल के प्रति जुनून को अपने अंदर ही दबा दिया। बताया कि सरकारसे खेलने जाने के लिए फंड नहीं मिलता। जितने भी खिलाड़ी खेलने जाते हैं उन्हें अपने पैसे से खेल का खर्च उठाना पड़ता है। पैसे की कमी से निराश असुंता उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्या रखी। उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि मलेशिया जाने में आर्थिक तंगी रोड़ा नहीं बनेगी। जिला प्रशासन पूरी व्यवस्था करेगी। उपायुक्त के आश्वासन के बाद खिलाड़ी के चेहरे की मायूसी खत्म हुई। इस बात से असुंता के सपनों को उड़ान मिलने की उम्मीद जगी। साथ ही असुंता ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मदद की गुहार लगायी है।

# मप्र की घटना आदिवासियों के प्रति भाजपा की सोच दर्शाता है : कांग्रेस

■ मध्य प्रदेश में घटी घटना को लेकर कांग्रेस ने सीएम शिवराज सिंह का फूंका पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भाजपा शासित मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन कर जोरदार विरोध किया गया। विदित हो कि मध्यप्रदेश राज्य के भाजपा शासन में सत्ता के नशे में चूर अहंकारी भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की अमानवीय घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है।

यह घटना भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित एवं अपमानित करने की चरम सीमा है। मौके पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि भाजपा के आदिवासियों के प्रति निकृष्ट मानसिकता एवं उनके झूठे आदिवासी प्रेम उजागर हुआ है।



घटना का विरोध करते हुए कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता।

**खास बातें :** भाजपा शासित राज्यों में आज आदिवासी दलित एवं अल्पसंख्यक समुदाय प्रताड़ित किये जा रहे हैं। उन पर जुल्म और अत्याचार बढ़ा है। जहां एक ओर देश के पीएम मोदी आदिवासियों को सम्मान देने की बात करते हैं। देश का राष्ट्रपति तो आदिवासी को नियुक्त किया जाता है परंतु उन्हें अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। भाजपा आरएसएस वाले आदिवासियों को बेवकूफ समझना बंद करें। आज पूरे भारतवर्ष के आदिवासी समुदाय इनके चरित्र को पहचानते हैं। भाजपा आरएसएस का जो बौखलाहट है उसे समझा जा सकता है कि आज जहां पूरे देश का आदिवासी समुदाय इनकी दोहरी नीति को पहचान चुके हैं। उसी मध्यप्रदेश में विगत दिनों पीएम मोदी आदिवासियों के लिए सिकल सेल एनीमिया से संबंधित योजना को लागू करते हैं और चंद दिनों में ही उसी मध्य प्रदेश राज्य में भाजपा आरएसएस का झूठा आदिवासी प्रेम सामने आ गया है। यह ठीक उसी तरह का है हाथी का दांत खाने के लिए और दिखाने के लिए और होता है।

# घाघरा : मुख्य मार्गों में जल जमाव राहगीरों को पड़ रहे गंदे पानी के छींटे

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय के सड़को में जल जमाव से राहगीरों के साथ साथ दुकानदार काफी परेशान हैं। कई दुकान में पानी घुस रहा है तो कई राहगीर सड़क में जमे पानी से लतपथ हो रहे है। यहां बता दें कि कुडू से घाघरा कालीकरण सड़क का निर्माण करोड़ों की लागत से वीकेएस कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है। सड़क लगभग बन कर तैयार है पर घाघरा, गम्हरिया, नवडीहा, सहित कई जगहों पर सड़क के किनारे नाली नहीं बनाया गया है। जिससे बरसात का पानी सड़को में जमा हो रहा है और राहगीरों के साथ साथ सड़क किनारे वाले दुकानदार काफी परेशान हो रही है। कई दुकानों में पानी घुस रहा है। सड़क में गुजरते वक्त वाहन के चलने से पानी का छींटा लोगों पर पड़ रहा है। जिससे वे पूरी तरह गंदे पानी से लथपथ हो जा रहे हैं।

■ सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनी ने नाली निर्माण का दिया था भरोसा, लेकिन अभी तक काम नहीं हुआ चालू

■ नाली नहीं रहने से बरसात और घरों का गंदा पानी जमा हो रहा है सड़क में



# श्रम व नियोजन के संयुक्त सचिव केके सोन तीन दिवसीय दौरे में आज पहुंचेंगे लोहरदगा

■ आगमन की तैयारी को लेकर डीसी ने की अधिकारियों के साथ बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** आकांक्षी जिला अंतर्गत लोहरदगा जिला के केंद्रीय प्रभारी पदाधिकारी सह संयुक्त सचिव, श्रम एवं नियोजन मंत्रालय, भारत सरकार कमल किशोर सोन का लोहरदगा जिला का भ्रमण कार्यक्रम 07 से 09 जुलाई 2023 तक निर्धारित है। इसे लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित बिंदुओं की समीक्षा समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में कृषि व जल संसाधन, स्वास्थ्य, पोषण, वित्तीय इनक्लूजन, पेयजल, स्वच्छता, मूलभूत संरचना, समाजिक विकास और शिक्षा अंतर्गत कुल 33 बिंदुओं की समीक्षा हुई। इसमें निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि की समीक्षा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर निर्देश दिये गये। इसमें एफपीओ का गठन की स्थिति, मृदा परीक्षण केंद्र, मृदा कार्ड की स्थिति, पीएम किसान योजना, पशु टीकाकरण, स्वास्थ्य अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व परीक्षण भी शामिल है।



### डीडीसी ने की पथ निर्माण की योजनाओं की समीक्षा



**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में पथ निर्माण की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में पथ-प्रमंडल अंतर्गत भंडरा-सेन्हा पथ के मजबूतीकरण, ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत सनई-हपात पथ में तीन उच्च स्तरीय पुलों की योजना की स्थिति, नारी-धुर्वामोड़-सांगोडीह पथ की स्थिति, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की स्थिति, पांच वर्षों से पुरानी ग्रामीण सड़कों की मरम्मत के लिए मिले प्रस्ताव की स्थिति, विधायक की अनुशंसा पर सड़क मरम्मत के प्रस्ताव की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को दिया गया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

### बीडीओ ने किया मतदान केंद्र भवनों का निरीक्षण



**सिसई।** बीडीओ सुनीला खलखो ने गुरूवार को सिसई प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय नागफेनी, सामुदायिक भवन मुर्गू व राजकीयकृत मध्य विद्यालय मुर्गू के मतदान केंद्र भवन का निरीक्षण किया। जहां नागफेनी में हो रहे राजकीयकृत मध्य विद्यालय के नये भवन निर्माण के कार्य प्रगति को देखते हुए बीडीओ ने कार्य मे तेजी लाने व जल्द पूर्ण कराने को कहा। वहीं सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर भवन की चाभी पंचायत सचिव मुर्गु को हस्तगत कर साफ सफाई व शौचालय को चालू करने का भी निर्देश दी गयी। जबकि मुर्गु ग्राम के निरीक्षण में मतदाता सूची के पन्नो का भौतिक सत्यापन कर मतदाताओं का सत्यापन भी किया गया।

### प्रखर राष्ट्रवाद, भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी हमारे आदर्श : लखन उरांव



**कैरो /लोहरदगा।** कैरो भाजपा ने मंडल अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवाद डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122 वीं जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित कर मनायी गयी। कार्यक्रम मे सर्व प्रथम मंडल अध्यक्ष व उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हे नमन किया। मौके पर अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा जयंती महापुरुषों की मनायी जाती है। डा मुखर्जी देश के महापुरुषों में एक थे। आज ही के दिन 06 जुलाई 1901 को कोलकाता में डॉ मुखर्जी का जन्म हुआ था।

# समस्या समाधान के लिए दूंगा पूरा समय : विधायक

■ कोलेबिरा विधायक पहुंचे गुमला, प्रदेश सचिव ने की परिसदन में मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्लन कोंगाड़ी गुरुवार को गुमला पहुंचे। इस दौरान वे सर्किट हाउस में रूके। जहां कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान गुमला जिले की समस्याओं, विकास और संगठन के अलावे चुनावी तैयारी के संबंध में चर्चा की। रमेश कुमार ने कहा कि गुमला विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। लेकिन आज भी कई समस्याएं है। जिसका निदान नहीं हो सका है। सड़क, पुल-पुलिया, बेहतर स्वास्थ्य जैसी जरूरतों के लिए लोग मशक्कत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुमला की जनता का भरोसा कांग्रेस के प्रति बढ़ा है। चूंकि मोदी सरकार के कार्यकाल में बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी ने सभी तबके के लोगों को परेशान कर दिया है।

### ऑटो पलटने से चार लोग हुए घायल

**गुमला।** थाना क्षेत्र के सिलम स्थित सीआरपीएफ कैंप के पास ऑटो अनियंत्रित होकर पलटने से उसमें सवार तीन छात्राएं व एक युवक घायल हो गयी। घायलों को रामनगर निवासी समाज सेवी मुन्ना सिंह व राजीव सिंह अपने वाहन में बैठाकर गुमला सदर अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया। घायलों में सीमा कुमारी (18), रिया कुमारी (18), असरानी कुमारी (18) व शीला गुप्ता (28) शामिल है। तीनों छात्राएं बीए पार्ट वन की परीक्षा लिखकर गुमला से ऑटो पकड़कर अपने घर रायडीह पतराटोली जा रही थी।

# दो चौपहल और लगभग 25 पीस चौखट किया गया जब्त

■ जंगल से अवैध लकड़ी तस्करी की सूचना पर वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन ने की संयुक्त कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र के बॉर्डर में अवैध रूप से लकड़ी काट कर बेचने का धंधा बड़े जोर शोर से चल रहा है। जंगल में बड़े-बड़े पेड़ों की कटाई बड़े पैमाने पर सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में जारी है। हालांकि इस दौरान कभी कभी वन विभाग की टीम की पकड़ में भी कुछ लकड़ी तस्कर आते हैं। सेन्हा से सटे किस्को प्रखंड के चरहु में साल का बोटा चिराई किये जाने की गुप्त सूचना वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार को मिली थी। जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छपेमारी टीम गठित कर पुलिस प्रशासन की संयुक्त पहल से चरहु गांव में वन विभाग की टीम और बगडू थाना प्रभारी ने छापेमारी की। जिसमें 2 पीस साल का चौपहल और लगभग 25 पीस साल का चौखट जप्त किया गया।



# गुमला : अज्ञात बीमारी की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत, चचेरी बहन भी बेहोश

■ अर्थी उठते ही चचेरी बहन भी बेहोश होकर गिरी

■ सांस लेने में दिक्कत होने पर सुंगती अस्पताल में भर्ती

■ छुट्टी लेकर घर जाने के बाद मां-बेटी घर में गिरे पड़े थे अचेत अवस्था में

■ गुमला में इलाज के लिए पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया मृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** अज्ञात बीमारी की चपेट में आने से सदर अस्पताल गुमला में इलाज के दौरान घाघरा थाना क्षेत्र के गुटवा परसा टोली गांव निवासी मां 65 वर्षीय रोपनी देवी व 19 वर्षीय बेटी सुंगती कुमारी की मौत बुधवार की रात इलाज के क्रम में हो गयी थी। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल था। अभी उनके आंसु रुके भी नहीं थी की मृतका सुंगती कुमारी की चेचेरी बहन जानकी कुमारी भी घर पर अचेत होकर गिर गई और उसे भी इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, घर से मां बेटी की अर्थी उठी ही थी कि मृतका की चेचेरी बहन जानकी भी अचेत होकर गिर पड़ी। परिजन तत्काल उसे गुमला सदर अस्पताल में भर्ती करायें हैं। जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज जारी है।



सदर अस्पताल में मृत युवती का पड़ा शव।

■ मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व घाघरा थाना क्षेत्र के गुट्वा परसा टोली की सुंगती कुमारी (19) को सांस लेने में तकलीफ होने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां स्थिति में सुधार होने के बाद छुट्टी दे दी गयी। बुधवार की शाम अचानक सुंगती के साथ उसकी मां रोपनी दवी अपने घर पर अचेत गिरी पड़ी थी। परिजन तत्काल दोनों को घाघरा अस्पताल पहुंचाया में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला रेफर कर दिया। सदर अस्पताल गुमला लाने पर डॉक्टरों ने जांच किया और दोनों को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजन दोनों की मौत से काफी सदमे में है। परिजनों को यह समझ नहीं आ रहा है कि आखिर दोनों मां बेटी किस बीमारी के चपेट में आये। क्योंकि दोनों स्वस्थ थे और अचानक अचेत होकर गिरे।

## भाजपा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122वीं जयंती मनायी

# आज भी डॉ मुखर्जी के बताये मार्ग पर चल रही है भाजपा: मनीर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला भाजपा के तत्वावधान में जिला कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 122वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि डॉ मुखर्जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हम महान क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 122वीं जयंती मना रहे हैं डॉ मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1964 को कोलकाता के एक संभ्रांत परिवार में हुआ था। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी में देश प्रेम की भावना कूट कूट की भरी हुई थी। वर्ष 1939 में राजनीति में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति का विरोध किया। 1947 में आजादी प्राप्त होने के बाद पहली मंत्रिमंडल में वित्त मंत्री के रूप में वह शामिल हुए। वर्ष 1950 में सरकार द्वारा हिंदू विरोधी फैसले का विरोध करते हुए उन्होंने मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया और विपक्ष की राजनीति में भाग लिया।



कार्यक्रम में मौजूद पार्टी पदाधिकारी।

**खास बातें :** उन्होंने कश्मीर में दो झंडे दो निशान का मुखर विरोध किया एवं जम्मू के प्रजा परिषद पार्टी के साथ मिलकर जम्मू कश्मीर में आंदोलन किया। उन्होंने यह आंदोलन अटल बिहारी बाजपेई, वैद्य गुरुदत्त डॉ बर्मन और टेकचंद को लेकर 8 मई 1953 को लेकर जम्मू गये। जम्मू-कश्मीर सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया 40 दिन के अंतराल में उनकी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। आज भी भाजपा डॉ मुखर्जी की विचारधारा के अनुसार राष्ट्र के लिए काम कर रही है वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक देश एक झंडे और एक विधान के अनुरूप कार्य करते हुए जम्मू कश्मीर में लागू धारा 370 को हटाया।

## स्पीड न्यूज

### कपड़ा विक्रेता कमेटी का गठन


बैठक करते लोग।

**चंदवा।** चंदवा कपड़ा बिक्रेता दुकानदारों की बैठक बुधवार की शाम सपन्न हुई। जिसमे सर्वसम्मति से चंदवा कपड़ा विक्रेता कमेटी का गठन किया गया। जिसमे संरक्षक महेंद्र अग्रवाल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, अर्जुन लाल अग्रवाल व अलोक अग्रवाल को बनाया गया। वहीं अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सचिव सतीश प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजेश सावरिया को बनाया गया। वहीं बैठक मे संगठन को मजबूत बनाने और सामजिक कार्य करने पर विशेष चर्चा की गई, जो भी कपड़ा कमेटी मे सदस्य बनते हैं उन्हें सदस्य प्रमाण पत्र दिये जाने का निर्णय लिया गया। बैठक मे प्रमोद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, सतीश प्रसाद, राजेश सावरिया, अनूप अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, विकाश अग्रवाल मीकू, अमर कुमार अग्रवाल, राहुल जायसवाल, रोशन अग्रवाल, सुमंत कुमार, विकास सावरिया, दीपक अग्रवाल बिटू व कई वस्त्र विक्रेता मौजूद थे।

### पत्रकार योगेश्वर प्रसाद ने ब्लड डोनेट कर बचाई बच्ची की जान



ब्लड डोनेट करते पत्रकार।

**लातेहार।** लातेहार के वरिष्ठ पत्रकार योगेश्वर प्रसाद ने ब्लड डोनेट कर एक बच्ची की जान बचाई है। योगेश्वर ने बताया कि सूचना मिली कि सदर अस्पताल में एक बच्ची को ओ पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता है। इसकी सूचना मिलते ही ब्लड बैंक पहुंचे और उक्त बच्ची की मदद की। उन्होंने बताया कि हर किसी को ब्लड डोनेट करना चाहिए। ब्लड डोनेट करने से किसी तरह की बीमारी नहीं होती है। उन्होंने बताया कि सातवां बार ब्लड डोनेट कर रहे है। बच्ची के परिजनों ने पत्रकार योगेश्वर प्रसाद को साधुवाद दिया।

### जेएमएम कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश के सीएम का फूंका पुतला


पुतला दहन करते झामुमों के लोग।

**लातेहार।** शहर स्थित पानी टंकी के समीप जेएमएम कार्यालय में सैकड़ों की संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता जमा हुये। पिछले दिनों मध्यप्रदेश के सिति ग्राम में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक के साथ किये गये कुकृत्य को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा कड़ा विरोध करते हुये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन कार्यक्रम समाहरणालय गेट के समीप किया गया। साथ ही नारेबाजी किया गया। आदिवासियों पर जुल्म करना बंद करो, मानवता को शर्मशार करना बंद करो। इस मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरूण दुबे, माणिक गंझू, अंकित पांडेय, इन्द्रदेव उरांव, अशोक कुमार पाण्डेय, रिंकु कच्छप, गोपाल सिंह, आलोक कुमार मंटू, सुरेश उरांव, विकास उरांव, संतोष उरांव, मारूफ सरफुद्दीन, धनीलाल उरांव, सौरभ पाठक, अविनाष कुमार, नन्दकिशोर सिंह चेरो, पौल एक्का, वारिश समेत अन्य झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नचिकेता बाग ने सीए क्लियर कर लातेहार शहर का नाम किया रौशन

**लातेहार।** शहर के रहने वाले व्यवसायी आशीष कुमार बाग के बेटे नचिकेता ने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेड ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित सीए की फाइनल परीक्षा क्लियर कर ली है। शहर के सरस्वती विद्या मंदिर व संत जेवियर एकेडमी, लातेहार से अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने वाले नचिकेता ने न सिर्फ अपने परिवार का बल्कि अपने शहर का भी नाम रौशन किया है। फिलहाल नचिकेता पीएचडी व एफसीए की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय परिजनों के अलावा अपने गुरू व सहपाठियों को दिया है। बतातें दे कि इससे पहले नचिकेता ने यूजीसी नेट की परीक्षा में 99 .9 प्रतिशत अंक लाया था। पिता ने बताया कि नचिकेता बचपन से ही कुशाग्र था। जब उसके उम्र के बच्चे ग्राउंड में खेलते थे तो वह उस समय किताबों में उलझा रहता था। उसकी इस सफलता पर राजेंद्र प्रसाद सिंह, संजय सिन्हा, अधिवक्ता सुनील कुमार, रंगकर्मी आशीष, बीमा अभिकर्ता बद्री प्रसाद व देवाशीष टैगोर ने बधाई दी है।

### बाईक के टक्कर से साहू बस के मालिक घायल, रिम्स रेफर


घायल भुनेश्वर साहू।

**चंदवा।** एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर स्थित चंदवा गैरेज लाइन के समीप गुरुवार की दोपहर बाद मोटरसाइकिल की टक्कर में साहू बस मालिक भुनेश्वर साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो द्वारा घायल अवस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां डॉ नीलिमा ने प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोपहर बाद लगभग 4 :00 बजे जब श्री साहू गैरेज लाइन के पास रोड क्रॉस कर रहे थे तभी इंदिरा गांधी चौक की तरफ से आ रही मोटरसाइकिल संख्या जे एच 02 1465 ग्लैमर मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वे जमीन पर गिर पड़े। उनके सिर में गंभीर चोट लगी है। सूचना मिलते ही उनके पुत्र मुकेश साहू एवं परिजन शुभचिंतक हॉस्पिटल पहुंचे और उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची ले गए हैं।

## अभिजीत प्लांट से लोहा चोरी कर ले जा रहा वाहन धराया, लगभग 12 टन स्क्रैप भी जब्त

# पेट्रोलिंग पर गये सुरक्षा प्रहरियों पर लगातार हो रहे हैं पथराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा के बंद पड़े अभिजीत पावर प्लांट में इनदिनों स्क्रैप चोरी का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। बुधवार की देर रात्रि प्लांट की सुरक्षा में लगे सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने रात्रि प्रहरी के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर चोरी का लोहा लोड बिना नम्बर प्लेट का एक चार पहिया वाहन को पकड़ने में सफल रही। प्लांट के अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि प्लांट के फेज 1 के बीजीआर एरिया स्थित स्टोर से भारी मात्रा में लोहा चोरी कर नगर-बिराटोली-नवाटोली जाने वाले मार्ग के पास रखा गया है, जिसे 4 पहिया वाहन में लोडकर अन्यत्र ले जाने की तैयारी की जा रही है, सूचना के आलोक में सैप, चंदवा पुलिस व प्लांट के सुरक्षा प्रहरियों की टीम जैसे ही वहां पहुंची संगठित चोरों के गिरोह ने गुट बनाकर सुरक्षा प्रहरियों की टीम पर पथराव शुरू कर दिया। हालांकि सुरक्षा कर्मियों ने धैर्य का परिचय देते हुए पहले चोरों को पीछे धकेला उसके बाद लगभग 2 टन लोहा लोड वाहन को जब्त कर लिया साथ ही चोरों द्वारा चोरी कर इकट्ठा किए गए लगभग 10 टन लोहा को भी बरामद करने में सफल रही। हालांकि मामले को लेकर खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई थी। मामले को लेकर प्लांट के अधिकारियों के द्वारा चंदवा थाना में लिखित आवेदन दिए जाने की तैयारी की जा रही थी। इधर मामले को लेकर पूछे जाने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि मामले की सूचना प्राप्त हुई है, लेकिन अब तक मामले को लेकर लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन आने के बाद अग्रतर कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।


चोरों द्वारा जब्त लोहा।

### चोरी रोकने को लेकर पेट्रोलिंग पर जाने वाली सुरक्षा टीम पर लगातार हो रहे हैं पथराव व हमला


चोरी कर ले जाते लोहा लदा वाहन।

बता दें कि चंदवा के बंद पड़े अभिजीत पावर प्लांट इनदिनों स्क्रैप चोरो के लिए चारागाह बन कर रह गया है। स्क्रैप चोर सुरक्षा व्यवस्था को धत्ता बताकर प्रति दिन भारी मात्रा में स्क्रैप की चोरी कर रहे हैं। स्थिति अब ऐसी हो गयी है चोरी को रोकने का प्रयास किये जाने पर चोर उग्र हो जा रहे हैं व चोरी रोकने को लेकर रात्रि पेट्रोलिंग पर निकलने वाले सुरक्षा प्रहरियों पर जानलेवा हमला बोलने से भी बाज नही आ रहे हैं। अब तक चोरों के हमले में दर्जनों सुरक्षा कर्मी गम्भीर चोटिल भी हुए है। बुधवार की देर रात्रि भी पेट्रोलिंग पर निकले सुरक्षा कर्मियों को लोहा चोरी रोकने के दौरान भारी पथराव का सामना करना पड़ा।

# मनिका प्रखंड में मनाया गया स्व. रामविलास पासवान की 77 वीं जयंती

➲ राजनीतिक में लगभग 50 वर्ष बिता चुके स्व. रामविलास पासवान मौसम वैज्ञानी नेता के रूप में जाने जाते थे : सुरेंद्र पासवान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन में दिन बुधवार को पासवान समाज के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश पासवान के अध्यक्षता में स्व.रामविलास पासवान का 77 वां जयंती मनाया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों के द्वारा स्व.रामविलास पासवान के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित पासवान समाज के जिला संरक्षण सुरेंद्र पासवान ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व. रामविलास पासवान पुलिस की नौकरी छोड़कर राजनीतिक में आए थे और 23 साल में एमएलए बन गए थे वे देश और बिहार के सबसे कद्दावर नेताओं में आते थे। उन्होंने राजनीतिक में लगभग 50 वर्ष बिताया और देश में मौसम विज्ञान के नेता के रूप में जाने जाते थे। वहीं मिथिलेश पासवान ने कहा कि स्व. रामविलास पासवान के जीवनी से हमारे समाज के सभी वर्ग के लोगों को सीख लेनी चाहिए और आज हम सभी को उनके विचार धाराओं में चलने की जरूरत है। वहीं बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान ने कहा कि स्व. रामविलास पासवान आज से करीब 51 साल पहले महज 22 साल की उम्र में सिविल सर्विस एग्जाम पास कर के जब स्व. पासवान बिहार के खगड़िया में अपने शहर बन्नी गांव पहुंचे थे, तो उन्हें चौराहे पर भीड़ दिखी जो एक दलित व्यक्ति को 150 रुपए ना लौटाने के कारण पीट रहे थे। स्व. पासवान को उस दौरान बिहार में पुलिस में नौकरी का प्रस्ताव मिला था। अपनी इसी हनक का इस्तेमाल करते हुए पहले उन्होंने व्यक्ति को भीड़ से बचाया और जिस आदमी ने दलित पर पैसे ना लौटाने का आरोप लगाया था उसकी अकाउंट बुक को ही फाड़ दिया इस घटना के बाद स्व. पासवान अपने क्षेत्र के हीरो बन गये। उन्होंने कहा कि स्व. रामविलास पासवान ने अपने जीवन काल में बहुत से ऐसे कार्य किए हैं जो आज समाज के लिए सराहनीय है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्व. रामविलास पासवान के विचार धाराओं पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर बबन पासवान, संदीप पासवान, बिजेंदर पासवान, विशाल पासवान, समेत कई लोग उपस्थित थे।


कार्यक्रम उपस्थित लोग।

## एक नजर में

### सीआरपीएफ 11 वीं ने मोरवाई में लगाए 750 औषधीय, इमारती और फलदार पौधे


पौधारोपण करते सीआरपीएफ 11 वीं के जवान।

**बरवाडीह।** सीआरपीएफ 11 वीं कंपनी कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर गुरुवार को बरवाडीह प्रखंड के अति नक्सल प्रभावित और सुदूरवर्ती क्षेत्र मोरवाई सीआरपीएफ कैंप में कंपनी कमांडर कुणाल यादव के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। जहां कुणाल यादव ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि हमारे जीवन मे एक-एक पेड़ पौधों का काफी महत्व हैं। हम जो सांस लेते है वह आक्सीजन इन्ही पेड़ों से प्राप्त होती है। उन्होंनें कहा कि ये पेड़ पौधों से ही हमारे वायुमंडल में स्वच्छ हवा बहती है। इसलिए वन और पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबका दायित्व है, क्योंकि जंगल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती हैं। इस दौरान सीआरपीएफ कमांडर कुणाल यादव के नेतृत्व में 750 पौधे लगाए गए। जिसमें दर्जनों फलदार, इमारती और औषधीय पौधे शामिल हैं। सीआरपीएफ ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पौधों को लगाने में मुंशी सिंह मुकेश माझी, विक्रम सिंह, राजकुमार सिंह, संजय भंडारी, माला बैठा, मुन्ना सिंह, बड़का सोरेन, टेकन पासवान, रविशंकर मिश्रा, चंदन कुमार, विनोद कुमार, मनीष पांडव, नंद जी और अशोक का योगदान सराहनीय रहा।

### बूथ स्तर के कार्यकर्ता भाजपा संगठन का रीढ़ : योगेंद्र


बैठक में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में गुरुवार को प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी व बूथ सशक्तिकरण के जिला संयोजक लातेहार योगेंद्र प्रताप सिंह ने भाजपा कार्यकताओं के साथ एक बैठक की। मौके पर बोलते हुए योगेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बूथ स्तर कार्यकताओं संगठन का रीढ़ है। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। उन्होने आगे कहा कि आज प्रदेश स्तर से मंडल स्तर तक के कार्यकर्ता 24 घंटा जनता सेवा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता के सपना यूं ही साकार नहीं कर रहे हैं। आप सभी का सहयोग भी इसमें छुपा हुआ है। मौके पर जिला महामंत्री बंसी यादव, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य अरविंद भगत, ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, मंडल महामंत्री राम कुमार गुप्ता, मंडल मंत्री रंजीत गुप्ता, जिला किसान मोर्चा मंत्री राजकुमार मेहता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री विजय ठाकुर, बारियातू मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, हेरहंज युवा मोर्चा अध्यक्ष अवधेश प्रजापति समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीडीओ ने आम बागवानी कार्य स्थल व विद्यालय का किया निरीक्षण


बागवानी कार्य स्थल का निरीक्षण करते बीडीओ।

**बारियातू।** बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे आम बागवानी कार्य स्थल पैसरा व उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिबला का निरीक्षण किया। उक्त संबंध मे जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ कुमारी ने बताया की उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिबला मे मिन्यु के आधार पर छात्रों को मध्याहन भोजन नहीं मिलने की शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर विद्यालय पहुँच कर निरीक्षण किए। निरीक्षण मे देखा गया की मिन्यु के आधार पर मध्याहन भोजन नहीं बना था। उक्त सम्बन्ध मे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से बात करने की बात कही। इधर मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे आम बागवानी कार्य स्थल पैसरा पहुंचकर लाभुक को तार घेराव व अविलम्ब योजना स्थल पर बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। वहीं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का पैंसरा का भी निरीक्षण किया। जहां शिक्षक उपस्थित पाये गए। आस-पास के ग्रामीणों को अपील करते हुए बीडीओ ने कहा की आप सभी अपने-अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें। ग्रामीण क्षेत्र मे कुछ लोग खेती के मौसम मे विद्यालय नहीं भेजते हैं। जिससे विद्यार्थियों के भविष्य पर असर पड़ेगा। बच्चे कल का भविष्य हैं। शिक्षा पर विशेष जोर देने का आग्रह किया।

## आरएसएस ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव बुधवार को मनाया गया। सभी स्वयंसेवको नें भगवा ध्वज को गुरु मानकर अपना-अपना समर्पण किया। ध्वज प्रणाम करके कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इसके पश्चात जिला कार्यवाह सत्येन्द्र प्रसाद ने अतिथि परिचय कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत के प्रांत प्रचारक गोपाल ने सेवक बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा को आरएसएस के छह उत्सवों में सर्वोपरि माना गया है। आरएसएस के स्वयंसेवको ने भगवा ध्वज की पूजा करते हैं और ध्वज को सम्मान करते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गुरु के स्थान पर भगवा ध्वज को अपना गुरु माना है, क्योंकि व्यक्ति में कभी भी कोई खराबी या दुर्गुण आ सकता है। लेकिन त्याग का प्रतीक भगवा ध्वज हमेशा संदेश ही देता है। ऐसे में व्यक्ति की अपेक्षा ध्वज को गुरु मानना बेहतर है। आरएसएस भगवा ध्वज को त्याग और समर्पण का प्रतीक मानता है। इसके पीछे की वजह को वह सूर्य से जोड़कर बताते हैं जो स्वयं जलकर भी पूरी दुनिया को प्रकाश बांटने का काम करते हैं। अपना जीवन समर्पित करने वाले साधु- संत भगवा वस्त्र ही पहनते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के समय भगवा ध्वज को गुरु के रूप में प्रतिष्ठित किया था। विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन गुरु के रूप में हर वर्ष गुरु पूर्णिमा पर इस भगवा ध्वज को नमन करता है। ध्वज तपोमय व ज्ञाननिष्ठ भारतीय संस्कृति का सर्वाधिक सशक्त व पुरातन प्रतीक है। कार्यक्रम की समापन प्रार्थना के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लव कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, शाखा कार्यवाह सोनू कुमार, ब्रज किशोर, जिला प्रचारक सतीश कुमार, जिला कार्यवाह धनंजय कुमार, झुलन प्रसाद, रोहित, राजन प्रसाद के अलावा कई स्वयंसेवक बंधु उपस्थित थे।

### सी.सी.एल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने किया मगध परियोजना का दौरा


सीएमडी को स्वागत करते लोग।

**बालूमाथ।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) डॉ. बी.वीरा रेड्डी ने मगध-संघमित्रा कोल परियोजना क्षेत्र के मगध खदान का गुरुवार को दौरा किया। मौके पर मगध-संघमित्रा कोल परियोजना के जीएम नृपेंद्र नाथ ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मौके पर सीएमडी ने सीसीएल के पदाधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। जिसमें सीएमडी ने जीएम नृपेन्द्र नाथ को खनन, डिस्पैच और उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने एफवाई 2022-23 में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए मगध के टीम को बधाई दी और कंपनी के लक्ष्य को पूरा करने की बात कही । इसके अलावा मगध परियोजना क्षेत्र के कई खदानों का भी निरीक्षण किया और वस्तुस्थिति को जाना। मौके पर मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक एस के झा,मगध-संघमित्रा क्षेत्र के अमला अधिकारी( खनन) नवीन कुमार, मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी स .सत्यनारायाण, मगध परियोजना के खान प्रबंधक मोहम्मद अकरम एवं वरिष्ठ प्रबंधन आदि मौजूद थे।

### बिजली के संपर्क मे आने से बाजार पुजारी सर्वेश पाठक के गाय की मौत,

**महुआडांड़।** बिजली लाईन के संपर्क मे आने से महुआडांड दुर्गा बाड़ी मंदिर के पुजारी पंडित सर्वेश पाठक की गाय की मौत हो गई। इस संबंध में पंडित सर्वेश पाठक ने बताया कि घटना शाम लगभग 5:40 बजे की है। दुर्गा बाड़ी संत जोसेफ मिशन मोड़ के समीप अवस्थित बीएसएनएल टेलीफोन के खम्बे मे बिजली प्रवाहित होने से एवं गाय के खम्बे के संपर्क मे आ जाने से गाय की मौत हो गई है। गाय को बिजली लाईन का झटके आने पर आनन फानन में पंडित सर्वेश पाठक एवं ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग के कर्मियों को दी एवं बिजली लाईन काटने का अनुरोध किया परन्तु तब तक देर हो चुकी थी एवं गाय की मौत हो गई। गाय की मौत पर पंडित सर्वेश पाठक ने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है। वहीं इस घटना से ग्रामीणो में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि इस पथ से प्रतिदिन सैंकड़ो बच्चे विद्यालय जाते है, यदि कोई बच्चा इसके संपर्क मे आ जाता तो कितनी भयावह स्थिती होती। लोंगो ने बिजली विभाग के कर्मियों को इस दिशा मे कारगर कदम उठाने की मांग की है।

# मगध ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

➲ ट्रक ऑनर एसोसिएशन द्वारा तय किया गया भाड़ा को कई डीओ होल्डर द्वारा नहीं भुगतान किया जा रहा है: एसो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मगध कोलियरी स्थित चमातू ग्राम के पिट ऑफिस प्रांगण में विस्थापित-प्रभावित ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में आरा, चमातू, देवलगढ, कुंडी सराडू, कामता, राहम, शेरेगड़ा, बालूमाथ सहित कई जगहों के ट्रक मालिक उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने किया। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमे ट्रक मालिको ने बताया कि ट्रक ऑनर एसोसिएशन द्वारा तय किया गया भाड़ा को कई डीओ होल्डर द्वारा नहीं भुगतान किया जा रहा है। ट्रक ओनर एसोसिएशन को बिना एग्रीमेंट पेपर दिए कई डीओ होल्डर काम कर रहे है। वहीं कई कंपनी द्वारा भाड़ा चिट्ठी में भाड़ा दर्ज नही कर रहे है। वहीं कई होल्डर द्वारा कोयला का उठाव पूर्ण कर लेने के बाद भी अब तक भाड़ा का भुगतान नहीं किया हैं। जिसमें एसआर इंफ्रा प्रोजेक्ट के सोनू सिंह, ब्रह्मपुत्र कंपनी के आलोक सिंह, लक्ष्मीनारायण इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड नीलेश ज्ञानेश, श्याम सेल एंड कंपनी के सुनील कुमार, राजा इंटरप्राइजेज से सद्दाम, जीवीके कंपनी से निरंजन कुमार, आरजू कुमार, इनामुल अंसारी, मो. समसूल सहित कई ट्रांसपोर्टर, डीओ होल्डर के नाम शामिल है। सभी शिकायत सुनने के बाद बालूमाथ उप-प्रमुख के द्वारा फोन पर सभी कंपनियों के ट्रांसपोर्ट को अपने रवैया में सुधार लाने को कहा। वही ट्रक ऑनर एसोसिएशन की अगली बैठक 12 जुलाई को रखी गई है। जिसमें सभी ट्रक मालिकों एवं विभिन्न कंपनियों के डीओ होल्डर, लिफ्टर, ट्रांसपोर्टर को उपस्थित होने को कहा गया है। अगर 12 जुलाई की बैठक में मगध कोलियरी में काम करने वाले विभिन्न कंपनियों के ट्रांसपोटर, डीओ होल्डर, लिफ्टर या उनके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं होते हैं तो ट्रक ऑनर एसोसिएशन उनके विरुद्ध कड़े निर्णय ले सकती है। मौके पर सतनारायण साव, त्रिवेणी साव, मिथुन साव, राजेन्द्र राम, राजेश राम, रोहित कुमार, दिलिप कुमार, विनय कुमार, आशीष कुमार, मो.उमर, केदार साव, मो. रियासत अंसारी, कुलदीप राणा, सुनील यादव, गुड्डू कुमार, मो. शमशाद, मो. शहजाद, मो. इरशाद, अशोक प्रसाद, अरविंद कुमार, प्रदीप कुमार, अभिमन्यु साहू, प्रमोद कुमार, पंकज सिन्हा, बिट्टू कुमार, गोलू कुमार सहित कई ट्रक मालिक उपस्थित थे।


बैठक करते संघ के लोग।

### सीएचसी प्रभारी ने टीकाकरण केंद्र का किया औचक निरीक्षण


टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण करते सीएचसी प्रभारी।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के टीकाकरण केंद्र बारियातू, नचना व छाताबर का औचक निरीक्षण सीएचसी प्रभारी सुरेश राम ने गुरुवार को किया। निरीक्षण के दौरान छाताबर के एएनएम प्रेमलता कुमारी केंद्र मे अनुपस्थित पायी गई। वहीं दूरभाष से बात कर एएनएम को केंद्र बुलाकर टीकाकरण कराया। अनुपस्थित पाये जाने वाले एएनएम पर नियम संगत कार्रवाई करने की बात कहा। इधर उप प्रमुख निशा शहादेव द्वारा बारियातू स्थित पल्ल्वी एक्सरे दुकान अवैध रूप से चलाने की शिकायत मिली थी, शिकायत के आधार पर सीएचसी प्रभारी ने एक्सरे दुकान पहुंच कर होम टेक्निशियन व जेनरल दस्तावेज का मांग किए। जहां किसी तरह का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं की गई। दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किए जाने के कारण जबतक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं की जाएगी तब तक एक्सरे दुकान को बंद करने का निर्देश दिया। मौके पर मिथलेश कुमार, वृंदा गोप, एमपी डब्लू संदीप कुमार मौजूद थे।

